## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **निर्वाचन आयोग जल्द ही पूरे देश में कराएगा एसआईआर, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी राज्यों के अधिकारियों को तैयारी करने का दिया निर्देश।**

2. **राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सियाचीन में शहीद हुए देवघर के जवान नीरज कुमार को दी श्रद्धांजलि।**

3. **धनबाद में अलग–अलग हादसे में पांच की मौत, लोदना में बीसीसीएल का जर्जर मकान ढहा, दो बच्चों सहित तीन की मौत, निरसा में अवैध खनन के दौरान कोयले का ढेर गिरने से दो की मौत।**

4. **राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में छाए रहेंगे बादल, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी।**

5. **प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में रेफरी के लिए हजारीबाग की राखी का चयन, कोच्चि में चल रहे एरोबिक जिम्नैस्टिक चैंपियनशिप में में एक रजत और दो कांस्य पदक जीता।**

*********************

भारत निर्वाचन आयोग जल्द ही देश भर में एक साथ मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराएगा। जल्द ही इसके लिए तारीखों की घोषणा की जाएगी। नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर की तैयारियों का जायजा लिया। आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एसअसईआर की तैयारियों को अंतिम रूप देने को कहा है।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची परिसर पहुंचकर जम्मू–कश्मीर के लद्दाख (सियाचिन) में शहीद हुए देवघर जिला के मधुपुर स्थित कजरा गांव निवासी अग्निवीर नीरज कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

*********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज नगर विकास विभाग में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे।

*********************

झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश का अनुपालन नहीं करने पर राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, आईएएस अधिकारी वंदना दादेल और नगर विकास विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया है। अदालत ने आदेश का अनुपालन नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 14 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की गई है। उच्च न्यायालय अगली तिथि को उक्त अधिकारियों के विरुद्ध आरोप गठित करेगा।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट के नये रजिस्ट्रार जनरल सत्य प्रकाश सिन्हा होंगे। वहीं वर्तमान रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद को गढ़वा का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। डाल्टनगंज के पीडीजे दिवाकर पांडे को झारखंड हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार बनाया गया है।

*********************

धनबाद में दो अलग– अगल हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई पहली घटना लोदना आठ नंबर एरिया में बीसीसीएल का एक जर्जर आवास ढह गया। इसमें दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब चार अन्य लोग हादसे की चपेट में आने से मलबे में दबकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों का इलाज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है।

इधर, हादसे के बाद विधायक रागिनी सिंह ने बीसीसीएल पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

वहीं निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर ओसीपी में कोयले का ढेर अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी भी पांच से छह लोग मलबे में दबे हो सकते हैं।

*********************

जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड कार्यालय परिसर में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली तीन महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच एक–एक ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को साग सब्जियां की खेती करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया।

*********************

भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने दुमका में प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार पर अपने राजनीतिक दायित्व का निर्वहन संवैधानिक तरीके से नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रेस वार्ता में सूर्या हांसदा एनकाउंटर का मामला भी उठाया।

*********************

जामताड़ा विद्युत प्रमंडल के अधीन विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में विभाग की ओर से चरणबद्ध निःशुल्क विद्युत स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे , साथ ही हल्की बारिश की संभावना भी बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार ओडिशा तट पर बने निम्न दबाव का असर झारखंड पर भी पड़ा है। पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां में वज्रपात के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

*********************

जयपुर में प्रारम्भ हो रहे कबड्डी के महाकुंभ **प्रो कबड्डी लीग** सीजन 12 में झारखण्ड की तेज तर्रार रेफरी हजारीबाग निवासी राखी कुमारी का चयन हुआ है । राखी के इस चयन पर कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

*********************

झारखंड की टीम ने केरल के कोच्चि में आयोजित ग्रुप नेशनल एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किये। सीनियर कैटेगरी में कांस्य पदक जीतने वाली टीम में विकास कुमार गोप, अनुराग कुमार, कुमारी ऋष्टि राज, टोनु गोपाल अमित गोप, चाहत कुमार केरकेटा, सूरज केशरी, करण कुमार शामिल रहे।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने हाईकोर्ट द्वारा निकाय चुनाव को लेकर मुख्य सचिव और आईएएस अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– निकाय चुनाव नहीं कराने पर मुख्य सचिव, अपर सचिव को नोटिस।

**हिंदुस्तान** और **दैनिक जागरण** की सुर्खी है–– रांची से संदिग्ध आईएएस आतंकी दानिश गिरफ्तार।

**दैनिक भास्कर** ने नेपाल की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है–जेन–जी ऑनलाइन तय कर रही पीएम।

**टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिंदुस्तान टाइम्स** ने ट्रंप की मोदी को बातचीत की पेशकश की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**********समाप्त***********